संक्षिप्त

बीसलपुर पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त

निवाई/गुंसी, (निसं)। राहोली गुंसी रोड पर बीसलपुर पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से रविवार को मंजुकड़ा, कनेसर एवं सूरज का खेड़ा में पानी की आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन सभी गांवों में सजिया के पास बनी टंकी से पेयजल सप्लाई होती है। रविवार को पेयजल सप्लाई की गई तो राहोली सडक़ पर सजिया के पास टूटी पाइप लाइन से पानी का फव्वारा फूट पड़ा। विभाग के कर्मचारियों को ज्यों ही लाइन के क्षतिग्रस्त होकर पानी के व्यर्थ बहने की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत पानी की सप्लाई बंद कर दी। पेयजल समस्या के चलते ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त लाइन की अतिशीघ्र मरम्मत कर पानी की सप्लाई सुचारू करवाने की मांग की है।

कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आज

टोंक, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला संगोष्ठी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना का भाजपा कार्यालय टोंक में आज आने की मिली जानकारी के बाद जिला भाजपा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि आज सोमवार को भाजपा के 47वां स्थापना दिवस जिले में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्वजारोहण, संगोष्ठी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों का सम्मान जैसे कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, एवं मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, जिले के भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।।

शिविर में 150 रोगियों की जांच

सिरस, (निसं)। ग्राम पंचायत सिरस में जेएनयू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मेगा मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन हुआ। प्रशासक शिवजीराम जाट ने बताया कि शिविर में डॉ. प्रशांत सिंह यादव, डॉ. नवीन सोनी, डॉ. हर्षिता कंवर, डॉक्टर दिशा गुप्ता, डॉक्टर सचिन शर्मा,डॉक्टर आदित्य सिंह, डॉक्टर आयुष विजय,जय भगवान गर्ग व डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने करीब 150 रोगियों की जांच करके चिकित्सकीय परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि शिविर में रोगियों की जांच के बाद 30 से भी अधिक रोगियों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। भर्ती मरीजों का जयपुर अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा।

मेला व कुश्ती दंगल कल

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम राहेड़ा, कल्याणपूरा खुर्द स्थित जाटडे वाले मंदिर में रविवार को मंदिर मेला कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर महंत ने बताया कि सोमवार 6 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन होगा। वहीं मंगलवार 7 अप्रैल को विशाल मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें कामड़े की अन्तिम कुश्ती 51 हजार रूपयों की होगी।

पुलिस थाने का निरीक्षण किया

दूदू, (निसं)। जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने दूदू पुलिस थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा लंबित पड़े प्रकरणों को शीघ्र निपटान के निर्देश दिए मीणा ने थाना परिसर में माल खाना बैरक हथियार कक्ष का जायजा लिया साथ ही पुलिस कर्मचारियों के लिए बनी मैस की व्यवस्था की जानकारी ली अधिकारियों से कहा कि आमजन की सुनवाई कर शीघ्र समस्याओं का समाधान करें इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा पुलिस उपाधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं प्रशिक्षु आर पी एस थाना प्रभारी नेहा विश्नोई भी मौजूद रहे।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'प्रशिक्षण ही संगठन की वैचारिक नींव व कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता का आधार'

- भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन,
- भाजपानगर मंडल चौमूं के शिविर में 130 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चौमूं के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान- 2026 का रविवार को समापन हुआ। शिविर के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

वैचारिक अधिष्ठान सत्र को संबोधित करते हुए रामलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की रीति-नीति, गौरवशाली इतिहास और अंत्योदय की संकल्पना ही हमारी वास्तविक शक्ति है। शर्मा ने कहा, ''लोकमान्य तिलक के स्वराज के सपने को आज हम सुराज के माध्यम से साकार कर रहे हैं। ये प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व बनाते हैं, जिससे वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर सकें।''

भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने संबोधित किया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं ने महत्वपूर्ण सांगठनिक विषयों पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के साथ ही गुड्डू सैनी, रघुवीर चौधरी, सावरमल चौधरी, बादाम देवी वर्मा, अर्चना कुमावत, बजरंगलाल सोनी और पंकज मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्रों के दौरान सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, कार्यपद्धित, कार्य विस्तार की दृष्टि और बूथ प्रबंधन जैसे तकनीकी व रणनीतिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 130 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया।

शिविर में मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, कालूराम जाट, मोहनलाल सैनी, गोपीराम भोमाका, बाबूलाल कुमावत, रामावतार कुलदीप, गजेंद्र यादव, संदीप शर्मा, राहुल बागड़ा, राहुल चौबे, अनीता कुमावत, सुमन सैनी, अरविंद यादव, मातादीन अठावाल, सुनील उप्पल, मुकेश सैनी, रामरतन मुनीम, महेश सेरावत, संदीप भात्रा, सीएम खटिक, बाबूलाल राइ, सुनील गुलिया, विनोद गोदारा, रामस्वरूप नासना, आलोक जांगिड़, बलदेव टांक, धर्मेन्द्र बंजारा सहित शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पावटा के तीन मंदिरों में छत्र चोरी

- मौके पर पुलिस नहीं पहुंचने पर लोगों में असंतोष
- धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

पावटा। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे व आसपास के तीन मंदिरों में अज्ञात चोरों द्वारा छत्र चोरी की वारदात सामने आई है, जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

हैरानी की बात यह है कि तीन में से केवल एक मंदिर प्रबंधन द्वारा ही पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है, जबकि घटना के बाद भी पुलिस अब तक मौके पर मुआयना करने नहीं पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने मंदिरों को निशाना बनाते हुए वहां स्थापित धातु के छत्र चोरी कर लिए।

सुबह जब पुजारी एवं ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो चोरी का पता चला, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोपाल भैया मंदिर के महंत मोहन दास रामायणी महाराज, गणेश मंदिर महंत रामचंद्र, केशव सागर धर्मशाला स्थित ठाकुर जी मंदिर पवन गोयल ने इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कृत्य संभवतः नशेड़ियों का हो सकता है, जो नशे की पूर्ति के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।

फिलहाल, एक ही शिकायत दर्ज होने के बावजूद पुलिस की ओर से मौके पर पहुंचकर जांच नहीं करना लोगों में असंतोष का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

खैरथल-तिजारा जिले में 6707 गर्भवती महिलाओं ने उठाया नि:शुल्क सोनोग्राफी का लाभ

- गरीब गर्भवती महिलाओं व शिशु के लिए रक्षा कवच बनी है मुख्यमंत्री ''मां वाउचर'' योजना

खैरथल । आर्थिक रूप से कमजोर और दूर दराज के गांवों में रहने वाली ग्रामीण गर्भवती महिलाओं एवं गर्भ में पल रहे शिशु की देखभाल अच्छे से हों और राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से डेढ़ साल पहले प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा शुरू की गई गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा ''मां वाउचर योजना'' गर्भवती महिलाओं व शिशु दोनों के लिए रक्षा कवच का काम कर रही है।

सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डेढ़ साल पहले 17 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना की शुरुआत कर फ्री सोनोग्राफी की सुविधा महिलाओं के लिए शुरू की। (मां) वाउचर योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के साथ सोनोग्राफी सेंटर चिन्हित किए गए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरण मल मीणा के अनुसार 'मां वाउचर योजना' के तहत खैरथल तिजारा जिले में सरकारी अस्पतालों के साथ प्राईवेट 15 सोनोग्राफी सेंटर को गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी करने के लिए चिन्हित किया हुआ है। इस निशुल्क योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2026 तक जिले में 6707 गर्भवती महिलाएं लाभ ले चुकी है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार योजना के तहत गर्भवती महिलाएं अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर सोनोग्राफी करा सकती है जिन सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो वहाँ से गर्भवती महिला अपने जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर नि:शुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। उन्होंने ने बताया गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत नि:शुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। योजना का लाभ लेने के लिए गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा। चिकित्सा संस्थान में पीसीटीएस सॉफ्टवेयर से ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक द्वारा वाउचर जारी किया जाएगा।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : एडीएम सहारण

- मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के शक्ति विहार कॉलोनी स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में शनिवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 एवं 12 (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 65 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से इन विद्यार्थियों व उनके माता-पिता का साफा व माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।

विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

समारोह में अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। सफलता का मार्ग केवल कठोर परिश्रम, योजनाबद्ध अध्ययन, निष्ठा, लगन व ईमानदारी से होकर गुजरता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाईल फोन के दुरुपयोग से बचते हुये उसे केवल उचित समय पर ही उपयोग करने की सलाह दी। एडीएम सहारण ने नशे से दूर रहने, अनुशासन में रहने व अपनी रुचि एवं कौशल के आधार पर कैरियर चुनने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर रही हैं और उन्हें अपने माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करते हुये लगातार आगे बढ़ना चाहिये। अध्यक्षता करते हुये विद्यालय के निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन व नियमितता के साथ शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में थानाधिकारी राजेश शर्मा, एसीबीईओ पूरणचंद कसाना, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पत्रकार विक्रांत शर्मा व बालकृष्ण शुक्ला मौजूद रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर 12 वीं आर्ट्स (हिंदी माध्यम) में गरिमा पुत्री राजीव स्वामी ने 98 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम में सौम्या पुत्री बालकृष्ण शुक्ला ने 97 प्रतिशत अंक हांसिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। 12 वीं साइंस में मोहित ने 97.20 प्रतिशत, दीक्षित कुमार जांगिड़ ने 94.20 प्रतिशत, गौरंग शर्मा ने 93.80 प्रतिशत, दुष्यंत कुमार ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं 12 वीं कॉमर्स में पलक अठावाल ने 93.60 प्रतिशत, मोनिका जांगिड़ ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि दर्ज की।

पावटा में एसआई/प्लाटून कमांडर परीक्षा शुरू

पावटा, (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन उपखंड पावटा में रविवार 5 अप्रैल से शुरू हो गया।

यह परीक्षा 5 व 6 अप्रैल को दो दिनों तक दो-दो पारियों में आयोजित की जा रही है। पहली पारी में सामान्य हिंदी का पेपर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, जबकि दूसरी पारी में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान का पेपर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक पारी में 1728 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं और सभी अभ्यर्थी दोनों पारियों में शामिल होंगे। उपखंड पावटा में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 3 सरकारी एवं 2 निजी संस्थान शामिल हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। वृताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की जा रही है।

मेटल डिटेक्टर सहित अन्य आधुनिक साधनों से जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष कार्य समूह () व वृताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। नकल पर रोक लगाने के लिए इस बार तकनीकी स्तर पर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। ब्लूटूथ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास के मोबाइल टावरों का डंप डेटा भी लिया जाएगा।

दीक्षा केवल वेश परिवर्तन नहीं बल्कि जीवन का परिवर्तन है : आचार्य

- आचार्य इंद्रनंदी महाराज व मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का दीक्षा दिवस मनाया

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अठावाल मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इंद्रनंदी महाराज का 31 वां दीक्षा दिवस एवं मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का तृतीय दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया की प्रात:काल भगवान शांतिनाथ का अभिषेक व शांतिधारा की गई। पंडित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में भक्तांबर मंडल विधान पर सोधर्म इंद्र महेंद्र जैन, यज्ञनायक संजय लुहारा, कुबेरइंद्र नरेंद्र भाणजा बुकसेलर द्वारा मंडल विधान पर 48 अघ्र्य समर्पित किए गए।

दीक्षा दिवस पर आचार्यश्री की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

उसके पश्चात दीक्षा दिवस कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य पदमनन्दी महाराज के चित्र समक्ष चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण आचार्य शांतिसागर पाठशाला एवं शांतिनाथ पाठशाला के नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा किया गया। आचार्य इंद्रनंदी महाराज का पादप्रक्षालन ओमप्रकाश, ताराचंद बडला केकडी व जिनवाणी भेट महावीर प्रसाद, शिखरचंद माधोराजपुरा ने की। मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज का पादप्रक्षालन नेमीचंद, संजय कुमार सिरस व जिनवाणी भेट गोपाललाल, शंभू कठमाणा ने की।

मुनि नाभिनन्दी महाराज का पादप्रक्षालन सुशील कुमार, राहुल कुमार आरामशीन एवं जिनवाणी भेंट राजेश कुमार, गिन्दौडी द्वारा की गई उसके पश्चात आचार्य श्री की पूजन सकल महिला मंडलों द्वारा किया गया। आचार्यश्री एवं मुनि उत्कृष्टनंदी महाराज को पीच्छीका भेंट सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा की गई। कार्यक्रम में टोंक, मालपुरा, केकडी, डिग्गी, पचेवर व फागी सहित अनेक जगह से आए हुए सभी अतिथियों का मंदिर कमेटी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

इसके पश्चात आचार्यश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा दिवस सांसारिक मोह माया का त्याग कर आत्म कल्याण और संयम के मार्ग पर चलने का पावन संकल्प है। यह गुरु की कृपा से आत्मा को परमात्मा से जोडने वाला एक महान अवसर है। दीक्षा केवल वेश परिवर्तन नहीं बल्कि जीवन का परिवर्तन है, जो वैराग्य त्याग और निर्मल साधना के द्वारा कर्मों की निर्जरा का मार्ग प्रशस्त करता है।

दीक्षा का पात्र वही है, जिसे मोह अहंकार और वासना से ऊपर उठकर संसार के सुखों का त्याग कर दिया हों। हम सभी को संयम जीवन जीने वाले गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपने जीवन में भी आध्यात्मिक उन्नित के लिए प्रेरित होना चाहिए।

परीक्षा के प्रथम दिन रही 67.70 उपस्थिति

टोंक। मुख्यालय के 24 सेंटर पर एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान सेंटर पर कड़ी सुरक्षा के बीच कैंडिडेट्स को एंट्री दी गई, इस दौरान सेंटर के बाहर ही मंगलसूत्र और अन्य जेवरात उतरवाए गए। वहीं एक कैंडिडेट 13 मिनट देरी से पहुंची, जिसे एग्जाम में एंट्री देने से मना कर दिया, उसका कहना थाध कि बाइक खराब होने की वजह से वह देरी से पहुंची।

सिक्योरिटी को देखते हुए कैंडिडेट्स के बटन वाले टीशर्ट तक उतरवा कर सेंटर में एंट्री दी गई। निवाई क्षेत्र के देवरी गांव से परिवजन के साथ आई सुनीता मीणा बाइक खराब होने से समय पर परीक्षा सेंटर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठी नातमाम टोंक में नहीं पहुंच पाई, इसके चलते उसे प्रवेश नहीं दिया है, आंधे घंटे तक इंतजार करने के बाद वह वापस गांव लौट गई। इसके अलावा भी तीन से चार स्टूडेंट देरी से पहुंचे थे, जिन्हें एंट्री नहीं दी गई। देवरी की सुनीता मीणा ने बताया वह परिजन के साथ रविवार को सुबह परीक्षा देने के लिए रवाना हुई थी, रास्ते में बाइक खराब होने भी वजह से परीक्षा नहीं दे पाई।एडीएम रामरतन सौकरिया ने बताया कि पहली पारी में रजिस्टर्ड 9441 अभ्यर्थियों में से 6392 परीक्षार्थी ही एग्जाम देने पहुंचे, इस प्रकार 67.70 प्रतिशत उनुपस्थित रहे। जिला मुख्यालय के 24 परीक्षा केन्द्रों पर 5 व 6 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक दो पारियों में उप निरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर की परीक्षा होगी।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम,
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:11123 जाहिर आम-सूचना दिनांक:30.03.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 52/657 (MIG-B) का आवंटन श्री महावीर प्रसाद सोनी पुत्र श्री मंगल चंद सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री महावीर प्रसाद सोनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5740 दिनांक 31.03.2004 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 12.05.2004 को प्राप्त किया गया। श्री महावीर प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 01.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी द्वारा आवासन मण्डल में सम्पूर्ण आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त सम्पूर्ण आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम,
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:11141 जाहिर आम-सूचना दिनांक:30.03.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 52/660 (MIG-B) का आवंटन श्री जय प्रकाश पुत्र श्री पुरण मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 825 दिनांक 18-02-1994 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 922 दिनांक 23-08-2003 के द्वारा श्री महावीर प्रसाद सोनी पुत्र श्री मंगल चन्द सोनी के पक्ष में किया गया। श्री महावीर प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 01.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी द्वारा आवासन मण्डल में आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) अब्दुल सईद खान पुत्र अब्दुल मजीद एवं (2) श्रीमती आरिफा बानो पत्नी श्री अब्दुल सईद खान, निवासीगण-25, सैयद कॉलोनी, चार दरवाजा बाहर, जयपुर, राजस्थान 302002 के दो पुत्र क्रमशः अब्दुल तालिब एवं अब्दुल साजिद मेरे अभिभाष्यगण के किसी भी प्रकार से कहने में नहीं है एवं उनसे लडाई झगडा व गाली गलौच करते है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने आज दिनांक 28.03.2026 को अपने दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं मेरा इन दोनों से किसी प्रकार का रिश्ता नाता नहीं रहा है। आज के बाद यदि कोई व्यक्ति अब्दुल तालिब एवं अब्दुल साजिद से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसके प्रति अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित रहे।
(मो.शादाब/अफजल हुसैन) एडवोकेट
मो.- 9351619598, 8005872436

नाम परिवर्तन

I PRIYA Spouse of No. JC-463102Y RANK nb sub NAME tanpure pravin rambhau PRESENT UNIT 8 maratha li RESIDING AT Vill - Shiur, Post-Jamkhed, Teh-Jamkhed, Dist-Ahmed Nagar, State-Maharashtra, Pin-413201, have changed my Name from PRIYA to PRIYA PRAVIN TANPURE vide affidavit dated 23 Mar 2026. The Harishanker & Notary, Kota (Raj.)

I, SAQUAN mother of JC-462139N Rank SUB Name Sathya Kumar A Present unit 8 MARATHA LI residing at Post-Bharat Nagar, Teh. -Bangarpet, Dist-Kolar State-Karnataka, Pin-563115, have changed my name from SAQUAN to SUGUNA N and Date of Birth 26/08/1949 to 01/01/1948 vide affidavit dated 03 Apr. 2026. The Rahul Yadav & Notary, Jaipur (Raj.)

I, A NAVYA Spouse of JC-462139N Rank SUB Name Sathya Kumar A Present unit 8 MARATHA LI residing at Vill-Bharat Nagar, Post-Bharat Nagar, The. -Bangarpet, Dist-Kolar State-Karnataka, Pin-563115, have changed my name from A NAVYA to ATKURI NAVYA vide affidavit dated 03 Apr. 2026. The Rahul Yadav & Notary, Jaipur (Raj.)

I have changed my name from Virendra Kumar Agrawal to Virendra Agrawal for all purpose. R/o 113 chitragupt nagar-1 imli phatak Jaipur. (Raj.)

मैने अपना नाम शोएब खान से बदलकर मोहम्मद शोएब खान कर लिया है। मोहम्मद शोएब खान पुत्र मोहम्मद अनवर अली निवासी 74, आकाशवाणी कॉलोनी, आकाशवाणी हाइट्स के पास, कोटा, राजस्थान

पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016

सूचना

1. उपर्युक्त नामित याचिकाकर्ता ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष **"फेज-3 भाग ई1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20जीडब्ल्यू) से विद्युत की निकासी हेतु ट्रांसमिशन सिस्टम"** के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक की अवधि के लिए टैरिफ के निर्धारण हेतु एक याचिका दायर की है।
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड) हरियाणा पावर परचेज़ सेंटर (च) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (ज) बीएसईएस यमुना पावर लि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (त) चंडीगढ़ बिजली विभाग (थ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (द) उत्तर मध्य रेलवे (ध) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (न) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (ट) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (ठ) फतेहगढ़-3 और 4 ट्रांसमिशन लिमिटेड (ड) ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड और फतेहगढ़-3 ब्यावर ट्रांसमिशन लि.
3. ट्रांसफॉर्मर की क्षमता, ट्रांसमिशन सिस्टम के बेज़ की संख्याः नीचे विस्तार से दी गई है
4. परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत (लाख रुपये में) – **688.74 करोड़ रुपये**
5. वाणिज्यिक परिचालन की तिथि को पूंजीगत लागत (लाख रुपये में):

परिसंपत्ति	परिसंपत्ति का नाम	परियोजना की अनुमोदित पूंजीगत लागत	
		एफआर	वास्तविक
परिसंपत्ति-1	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 1x1500एमवीए, 765/400केवी, आईसीटी-1 के साथ सहायक बेज़	13930.94	13871.03
परिसंपत्ति-2	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 330एमवीएआर, 765केवी बस रिएक्टर-2 के साथ सहायक बेज़	5309.84	5247.26
परिसंपत्ति-3	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 1x1500एमवीए, 400/220केवी, आईसीटी-8 के साथ सहायक बेज़	4426.60	4389.87
परिसंपत्ति-4	फतेहगढ़-3 सबस्टेशन पर 330एमवीएआर, 765केवी बस रिएक्टर-1 के साथ सहायक बेज़	7046.46	6971.26

प्राधिकरण जिसने पूंजीगत लागत को मंजूरी दी है: निदेशक मंडल

6. वाणिज्यिक परिचालन की निर्धारित तिथिः 01.02.2025 या चरण-3, भाग-ए1 के तहत राजस्थान में आरईजेड (20जीडब्ल्यू) से विद्युत की निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की समतुल्य समय-सीमा, इनमें से जो भी बाद में हो।
7. वाणिज्यिक परिचालन की वास्तविक तिथिः परिसंपत्ति-1: 18.12.2025 (प्रस्तावित), परिसंपत्ति-2: 31.12.2025 (वास्तविक), परिसंपत्ति-3: 31.12.2025 (वास्तविक), परिसंपत्ति-4: 01.01.2026 (वास्तविक)।
8. टैरिफ का विवरण (केवल लागू भाग प्रकाशित करें): (रु. लाख में)

परिसंपत्ति	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
परिसंपत्ति-1	0.00	547.01	2153.00	2364.27	2408.85
परिसंपत्ति-2	0.00	177.71	782.17	842.20	851.56
परिसंपत्ति-3	0.00	169.49	738.25	789.35	801.56
परिसंपत्ति-4	0.00	212.45	968.08	1062.14	1075.99

9. टैरिफ निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट https://apps.powergrid.in/cerc/docs/TBCB-PRTL/2026/03/REZ%20in%20Rajasthan%20(20GW)%20under%20Phase-III%20Part%20E1%20(Petition-2)/FINAL_Petition_PRTL_RTM_P_2.pdf पर उपलब्ध है।
10. याचिका में शामिल टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो तो उन्हें कोई भी व्यक्ति लाभार्थी सहित इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से दायर कर सकता है और साथ ही याचिकाकर्ता को भी इसकी एक प्रति भेजनी होगी।

हस्ता./-
स्थानः फतेहगढ़ श्री राजेश कुमार शर्मा
दिनांक: 30.03.2026 परियोजना प्रभारी
PG/NOTICE/2026/D360